अमर उजाला 29-11-2025

कार्यक्रम

## छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और सार्थक सत्र का किया गया आयोजन

# व्यावसायिक समझ को किया मजबूत



अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विशेषज्ञ व छात्र-छात्राएं। प्रवक्ता

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्रबंधन विभाग ने जटिल बिजनेस केस स्टडीज को कैसे हल करें, विषय पर एक ज्ञानवर्धक और सार्थक सत्र का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य छात्रों में विश्लेषणात्मक क्षमता, निर्णय लेने का कौशल और वास्तविक व्यावसायिक परिस्थितियों की समझ को मजबूत बनाना था।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक दौर में व्यावहारिक प्रबंधन कौशल और विश्लेषणात्मक सोच की विशेष आवश्यकता है तथा ऐसे सत्र छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. दिशा अरोड़ा ने किया, उन्होंने छात्रों को केस स्टडी विश्लेषण के लिए संरचित पद्धतियां, मूल्यांकन तकनीक और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण प्रदान किए। उनके मार्गदर्शन ने छात्रों को प्रबंधकीय समस्याओं को समझने और प्रभावी निर्णय लेने में महत्वपूर्ण सहायता की। विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सुजान ने कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संवाद